University in News on 20 June 2025

HINDUSTAN PAGE 8

पहला चार वर्षीय स्नातक बैच पास

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 सम सेमेस्टर परीक्षा व राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत बीकॉम आठवें सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया गया है।ऐसा करने वाला एलयू देश का पहला विवि बन गया है।

कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय का कहना है कि यह परिणाम सत्र 2021–22 से लागू एनईपी के तहत शुरू हुई समग्र व बहुविषयक शैक्षणिक यात्रा की सफल परिणति को दर्शाता है। परीक्षा में कुल 25 नियमित छात्रों ने भाग लिया। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी के अनुसार परीक्षा परिणाम में असफलता अनुपस्थिति, अनुचित साधनों का उपयोग या फीस बकाया नहीं पाया गया।

चार वर्षीय यूजी पास को पीएचडी में प्रवेश

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया में चार वर्षीय स्नातक पास छात्रों को प्रवेश परीक्षा में शामिल होने का मौका मिलेगा। इसके लिए संशोधित पीएचडी अध्यादेश 2023 में व्यवस्था रखी गई है। जिससे अब चार वर्षीय यूजी पास विद्यार्थियों को एक या दो वर्षीय परास्नातक पाठ्यक्रम की डिग्री लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पीएचडी में उन्हीं छात्रों को प्रवेश मिलेगा जिनके अंक 75 प्रतिशत से अधिक होंगे। कम अंक होने पर एक वर्ष का पीजी कोर्स करना पड़ेगा। पीएचडी पूरी करने की अवधि कम से कम तीन वर्ष और अधिकतम सात वर्ष होगी।

एलयू में बीटेक समेत 13 कोर्स के रिजल्ट जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक व परास्नातक स्तर के 13 पाठ्यक्रमों का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। एलयू के वेबसाइट पर रिजल्ट देख सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीएससी कृषि ऑनर्स एनईपी, एमएससी पर्यावरणीय अध्ययन दूसरे सेमेस्टर और बीकॉम एनईपी आठवें सेमेस्टर का परीक्षाफल जारी किया गया है। बीएफए टेक्सटाइल डिजाइन बीटेक सिविल समेत अन्य के परिणाम जारी किए।

एलयूः बीकॉम रिटेल, ई-कॉमर्स की तैयारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग की ओर से अगले सत्र से दो नए कोर्स शुरू करने की योजना है। इसमें बीकॉम रिटेल मैनेजमेंट और बीकॉम ई-कॉमर्स पाठ्यक्रम आरंभ करने की तैयारी की जा रही है। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि एमकॉम के पहले और दूसरे सेमेस्टर में एआई बिजनेस पढाया जाएगा।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

लविवि ने घोषित किए 13 कोर्स के परिणाम

लखनऊ। लखनऊ विवि ने सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक व परास्नातक स्तर के 13 पाठ्यक्रमों का परीक्षा परिणाम बृहस्पतिवार को घोषित कर दिया। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक ने सूचना जारी कर दी है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीएससी कृषि ऑनर्स एनईपी व एमएससी पर्यावरणीय अध्ययन दूसरे सेमेस्टर और बीकॉम एनईपी आठवें सेमेस्टर का परीक्षाफल जारी किया गया है। इसी तरह बीएफए टेक्सटाइल डिजाइन दूसरे, चौथे, छठे व आठवें सेमेस्टर और बीटेक सिविल, मैकेनिकल, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, सीएसई-एआई, इलेक्ट्रिक और ईसीई आठवें सेमेस्टर का भी रिजल्ट घोषित हुआ है। (संवाद)

NBT PAGE 4

बीकॉम 8वें सेमेस्टर का रिजल्ट जारी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊः एलयू ने ऐतिहासिक अकादमिक उपलब्धि हासिल करते हुए प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के तहत बीकॉम आठवें सेमेस्टर क रिजल्ट घोषित किया है। इस परीक्षा में कुल 25 नियमित विद्यार्थी शामिल हुए थे और सभी सफल रहे। प्रदर्शन का स्तर सबसे अधिक 80.17% और न्यूनतम 74.67% रहा। 2 स्टूडेंट्स 80 से 100 अंकों के श्रेणी, जबकि 23 ने 70-79 अंक प्राप्त किए। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने एनआईपी के तहत पहला रिजल्ट जारी करने वाली टीम की सराहना की है।

LUः तैयार होंगे योग से जुड़े शॉर्ट विडियो

■ **NBT** रिपोर्ट, लखनऊः अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर गुरुवार को एलयू में वीसी प्रो. आलोक कुमार राय की मौजूदगी में मंथन हॉल में बैठक हुई। एलयू में 21 जून को योग दिवस 'वन अर्थ, वन हेल्थ' थीम पर मनाया जाएगा। वीसी ने सभी विभागों को योग आधारित लघु विडियो तैयार कर विवि के अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर साझा करने के निर्देश दिए। योग दिवस के पोस्टर ऑनलाइन करने की बात कही। योग दिवस पर विवि के मुख्य परिसर सहित संबद्ध और संलग्न कॉलेजों के 53 हजार 400 से अधिक प्रतिभागी सुबह 8 से 8:10 बजे तक सूर्य नमस्कार के 11 चक्रों का प्रदर्शन करेंगे। मुख्य कार्यक्रम विवि के ऐतिहासिक परांजपे मंडप में होगा। बैठक में प्रो. मनुका खन्ना, प्रो. गीतांजलि मिश्रा, प्रो. एमएम वर्मा, प्रो. आरके सिंह समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।

JAGRAN CITY PAGE III

लविः एमकाम में एआइ इन बिजनेस की पढ़ाई

जासं • लखनऊ : लवि में छात्र-छात्राएं नए सत्र से बी.काम में लाजिस्टिक एंड सप्लाई चैन मैनेजमेंट तो एम.काम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन बिजनेस की पढ़ाई भी कर सकेंगे। विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग आगामी जुलाई सत्र से बी.काम और एम.काम के छात्र-छात्राओं के लिए कई नए पेपर पढ़ने की सुविधा देगा। इसको लेकर कोर्स कंटेंट तैयार कर लिया गया है। वहीं, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार चार और नए कोर्स भी शुरू करने की तैयारी है। इनमें कामर्स विभाग बी.काम रिटेल मैनेजमेंट, बी.काम ई-कामर्स और अप्लाइड इकोनामिक्स विभाग की ओर से बी.काम (बैंकिंग फाइनेंशियल सर्विसेज एंड इंश्योरेंस) एवं बी.काम (लाजिस्टिक) संचालित किए जाएंगे।

वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. राम मिलन ने बताया कि विद्यार्थियों को रोजगारपरक कोर्स उपलब्ध कराने के हिसाब से एनईपी के अनुसार एम.काम के एक और दो साल के कोर्स में कई नए पेपर जोड़े गए हैं। एक वर्षीय पीजी कोर्स के प्रथम सेमेस्टर में लाजिस्टिक एंड सप्लाइ चैन मैनेजमेंट पढ़ाया जाएगा। इसमें इंवेंट्री मैनेजमेंट, ट्रांसपोटेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट, वेंडर मैनेजमेंट, टेक्नोलाजी ग्लोबल टेंस एंड सस्टेनेबिलिटी के बारे में विद्यार्थी जानेंगे। वहीं, द्वितीय सेमेस्टर में एआइ इन बिजनेस का पेपर पढ़ेंगे। यह भी 20 क्रेडिट का होगा। इसमें एआइ के साथ-साथ आटोमेशन, एकाउंटिंग एंड आडिट में एआइ का प्रयोग, फाइनेंस एंड टैक्सेशन, मार्केटिंग और ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट में एआइ कैसे प्रयोग कर सकते हैं, इसकी जानकारी दी जाएगी। यह पेपर इंटर डिपार्टमेंटल होगा। यानी विश्वविद्यालय में पीजी का कोई भी छात्र-छात्रा इसे ले सकेंगे। इन पेपर को दो वर्षीय पाठ्यक्रम में भी शामिल किया गया है। दोनों पेपर का कोर्स बोर्ड आफ स्टडीज और फैकल्टी बोर्ड से पास हो चुका है। एकेडमिक काउंसिल में मंजूरी के बाद लागू होगा।

तैयार हो रहा नया कोर्स : नए सत्र से कामर्स और अप्लाइड इकोनामिक्स विभाग दो-दो नए कोर्स संचालित करने की तैयारी कर रहे हैं। वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. राम मिलन ने बताया कि बी.काम रिटेल मैनेजमेंट और बी.काम ई-कामर्स शुरू किया जाएगा। इसका कोर्स तैयार है। बोर्ड आफ स्टडीज में इसका प्रस्ताव रखा जाएगा। वहीं, अप्लाइड इकोनामिक्स के अध्यक्ष प्रो. विमल जायसवाल ने बताया कि बी.काम बैंकिंग फाइनेंशियल सर्विसेज एंड इंश्योरेंस और बी.काम लाजिस्टिक का कोर्स तैयार किया जा रहा है। ये चार साल आठ सेमेस्टर का रेगुलर कोर्स होगा। 160 क्रेडिट होंगे।

लवि के वाणिज्य विभाग ने पाठ्यक्रम में शामिल किए नए पेपर, आगामी जुलाई सत्र से मिलेगी इसे पढ़ने की सुविधा

बीकाम आठवें सेमेस्टर संग 13 कोर्सों के परिणाम जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने गुरुवार को बी.काम आठवें सेमेस्टर संग 13 कोर्सों के सम सेमेस्टर परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए। इनमें बीएफए टेक्सटाइल डिजाइन चौथे, दूसरे, छठे, आठवें, बी.एससी कृषि आनर्स एनईपी दूसरे, एम.एससी इनवायमेंटल साइंस दूसरे, बी.टेक सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, सीएसई-एआइ, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, ईसीई और मैकेनिकल इंजीनियरिंग आठवें सेमेस्टर के परिणाम शामिल हैं। वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर राम मिलन ने बताया कि लवि ने उत्तर प्रदेश में एनईपी के तहत पहला बी.काम आठवें सेमेस्टर के परिणाम जारी किया है। सबसे अधिक अंक प्रतिशत 80.17 प्रतिशत रहा। (जासं)

लवि : योग आधारित लघु वीडियो तैयार करें विभाग

जासं • लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने मंथन हाल में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठक की। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे योग आधारित एक लघु वीडियो उपयुक्त पृष्ठभूमि संगीत के साथ तैयार करें। इसे विश्वविद्यालय के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर साझा करें।

साथ ही, उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि योग दिवस के पोस्टर को अधिक से अधिक आनलाइन प्रसारित किया जाए। योग दिवस पर लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर सहित इससे संबद्ध और संलग्न कालेजों के 53,400 से अधिक प्रतिभागी सुबह आठ से 8:10 बजे तक सूर्य नमस्कार के 11 चक्रों का प्रदर्शन करेंगे। इसका मुख्य आयोजन लखनऊ विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक परांजपे मंडप में होगा, जबकि समवर्ती आयोजन सभी संबद्ध कालेजों और संस्थानों में भी होंगे।

योग महोत्सव की तैयारियां तेज : अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में 21 जून को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य और वृहद स्तर का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर विश्वविद्यालय में तैयारियां तेजी से चल रही हैं। गुरुवार को विश्वविद्यालय में सुबह योग कक्षाओं में विद्यार्थी, शोधार्थी, कर्मचारी तथा आस-पास की सोसाइटी से जुड़े नागरिकों ने नियमित रूप से अभ्यास किया। प्राकृतिक चिकित्सा एवं संज्ञानात्मक अध्ययन विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष प्रो. बीसी यादव ने बताया कि 'योग महाकुंभ' के अंतर्गत 21 जून को विरसा मुंडा गतिविधि केंद्र में सुबह छह से आठ बजे तक सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया जाएगा। योग विभाग के विभागाध्यक्ष डा. दीपेश्वर सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में लगभग 800 से 1000 प्रतिभागियों को एक साथ योग अभ्यास कराने की व्यवस्था की जा रही है।

लवि में योग दिवस की तैयारी के लेकर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने की समीक्षा बैठक • सांकेतिक

बीबीएयू में योग अभ्यास करते विद्यार्थी व आम नागरिक • विश्वविद्यालय

योग कार्यक्रम में शामिल होगा अनुसूचित समाज

गोमतीनगर के आंबेडकर पार्क में भाजपा की तरफ से आयोजित योग दिवस में बड़ी संख्या में अनुसूचित समाज के लोग शामिल होंगे। हस्तक्षिया कोर्ट में योग कार्यक्रम प्रभारी नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, भाजपा अनुसूचित मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रामबाद कनौजिया ने यह जानकारी पत्रकारों को दी। बताया कि इस बार भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सहित अनुसूचित समाज के वरिष्ठ नेता भी कार्यक्रम में सुबह छह बजे जुटेंगे। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी समर विहार पार्क में शामिल होंगे।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि कुलपति ने की योग दिवस की तैयारी समीक्षा

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बृहस्पतिवार को मंथन हॉल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। यह दिवस 21 जून को 'वन अर्थ, वन हेल्थ' थीम के अंतर्गत मनाया जाएगा। इस दौरान प्रो. राय ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे योग आधारित एक लघु वीडियो उपयुक्त पृष्ठभूमि संगीत के साथ तैयार करें और इसे विश्वविद्यालय के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर साझा करें। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर सहित इससे संबद्ध और संलग्न कॉलेजों के 53,400 से अधिक प्रतिभागी-जिसमें शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी, स्नातक एवं परास्नातक छात्र तथा पीएचडी शोधार्थी शामिल हैं प्रातः आठ बजे से 8.10 बजे तक सूर्य नमस्कार के 11 चक्रों का प्रदर्शन करेंगे। समीक्षा बैठक में प्रो. मनुका खन्ना, प्रो-वाइस चांसलर प्रो. गीतांजलि मिश्रा, डीन अकादमिक्स प्रो. एम.एम. वर्मा, डीन रिसर्च प्रो. आर.के. सिंह, निदेशक सेकंड कैंपस डा. अमरेंद्र कुमार, एनएसएस समन्वयक, रजिस्ट्रार, डिप्टी रजिस्ट्रार आदि उपस्थित रहे।

लविवि ने घोषित किया एनईपी के तहत बी.कॉम 8वें सेमेस्टर का परिणाम

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय ने अकादमिक उपलब्धि हासिल करते हुए उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत पहला बी.कॉम (बैचलर ऑफ कॉमर्स) आठवां सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया है। यह पहला अवसर है जब एनईपी के चार वर्षीय स्नातक ढांचे के अंतर्गत बी.कॉम के आठवें सेमेस्टर की परीक्षा आयोजित की गई। यह परिणाम 2021-22 से लागू नई शिक्षा नीति के तहत शुरू हुई समग्र एवं बहुविषयक शैक्षणिक यात्रा की सफल परिणति को दर्शाता है। इस परीक्षा में कुल 25 नियमित छात्रों ने भाग लिया और सभी उत्तीर्ण हुए, जिससे 100 फीसद परिणाम प्राप्त हुआ। प्रदर्शन का स्तर अत्यंत प्रभावशाली रहा, सबसे अधिक अंक प्रतिशत 80.17 फीसद और न्यूनतम 74.67 फीसद रहा। दो छात्र 80-100 अंकों की श्रेणी में रहे, जबकि 23 छात्रों ने 70-79 अंक प्राप्त किए, जो विद्यार्थियों की अकादमिक गुणवत्ता को दर्शाता है। यह परीक्षा परीक्षा अधीक्षक प्रो. राम मिलन की देखरेख और कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के नेतृत्व में संपन्न हुई। उत्तर प्रदेश में इस प्रकार का एनईपी आधारित बी.कॉम 8वें सेमेस्टर को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाला यह पहला विश्वविद्यालय बना। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर शिक्षकों, छात्रों और प्रशासनिक टीम को बधाई दी और इसे नई शिक्षा नीति 2020 की सफल क्रियान्वयन की दिशा में एक मील का पत्थर बताया।

TOI PAGE 3

Two-Year PG Option On Offer For Three-Year Grads

1-yr PG for LU grads passing 4-yr course

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: From academic session 2025-26, Lucknow University will offer a one-year post-graduation programme to students under National Education Policy (NEP) 2020. This will be the first time LU offers a one-year PG option to its students. Only students who pursued four years UG courses will be eligible for this programme.

"There are around 150 students in BA and BCom courses who opted to pursue four-year UG at LU and completed the course. Now they can pursue one year PG. Those who have pursed four-year graduation from other state universities can also pursue one year of PG from LU," said Prof Geetanjali Mishra, LU Dean Academics. She said introduction of one-year PG programme is part of the university's implementation of NEP. The existing two-year post-graduation option will be on offer to students who completed a three-year graduation.

Also, in academic session 2025-26, for the first time, 'Professor of Practice' will be teaching at LU. In three departments comprising journalism and mass communication, Hindi, and Social Work, a professor of practice has been appointed.

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

राज्य का पहला एनईपी बीकॉम 8वें सेमेस्टर का परिणाम

लखनऊ। लविवि ने एक ऐतिहासिक अकादमिक उपलब्धि हासिल करते हुए उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत पहला बीकॉम (बैचलर ऑफ कॉमर्स) आठवां सेमेस्टर परिणाम घोषित किया है। यह मील का पत्थर न केवल विश्वविद्यालय बल्कि पूरे राज्य के लिए उच्च शिक्षा सुधार की दिशा में एक अग्रणी कदम है। यह पहला अवसर है जब एनईपी के चार वर्षीय स्नातक ढांचे के अंतर्गत बी.कॉम के आठवें सेमेस्टर की परीक्षा आयोजित और सफलतापूर्वक पूरी की गयी। इस परीक्षा में कुल 25 नियमित छात्रों ने भाग लिया और सभी उत्तीर्ण हुए, जिससे 100% परिणाम प्राप्त हुआ। प्रदर्शन का स्तर अत्यंत प्रभावशाली रहा, सबसे अधिक अंक प्रतिशत 80.17% और न्यूनतम 74.67% रहा। 2 छात्र 80-100 अंकों के श्रेणी में रहे, जबकि 23 छात्रों ने 70-79 अंक प्राप्त किए, जो विद्यार्थियों की अकादमिक गुणवत्ता को दर्शाता है।

योग आधारित लघु वीडियो बनाने का दिया निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने मंथन हॉल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठक की अध्यक्षता की। यह दिवस 21 जून को वन अर्थ, वन हेल्थ थीम के अंतर्गत मनाया जाएगा। प्रो. राय ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे योग आधारित एक लघु वीडियो उपयुक्त पृष्ठभूमि संगीत के साथ तैयार करें और इसे विश्वविद्यालय के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर साझा करें। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि योग दिवस के पोस्टर को अधिक से अधिक ऑनलाइन प्रसारित किया जाए।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर सहित इससे संबद्ध और संलग्न कॉलेजों के 53,400 से अधिक प्रतिभागी–जिसमें शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी, स्नातक एवं परास्नातक छात्र तथा पीएचडी शोधार्थी शामिल हैं। सुबह 8:00 से 8:10 बजे तक सूर्य नमस्कार के 11 चक्रों का प्रदर्शन करेंगे। इसका मुख्य आयोजन लखनऊ विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक परांजपे मंडप में होगा, जबकि समवर्ती आयोजन सभी संबद्ध कॉलेजों और संस्थानों में भी होंगे। इस समीक्षा बैठक में प्रो. मनुका खन्ना, प्रो-वाइस चांसलर, प्रो. गीतांजलि मिश्रा, डीन अकादमिक्स, प्रो. एमएम वर्मा, डीन रिसर्च, प्रो. आरके सिंह, निदेशक, सेकेंड कैंपस, डॉ. अमरेंद्र कुमार, एनएसएस समन्वयक, रजिस्ट्रार, डिप्टी रजिस्ट्रार तथा विभिन्न विभागों के अध्यक्ष एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

AMRIT VICHAR PAGE 5, 7

योग ऊर्जा से तरंगित होगा लखनऊ विश्वविद्यालय में लघु विश्व

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः ज्ञान, विज्ञान, शोध और साधना का उर्जाकेंद्र लखनऊ विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग उर्जा से तरंगित होने जा रहा है। कल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विश्वविद्यालय परिसर में लघु विश्व का दृश्य देखने लायक होगा जब 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय समुदाय के छात्र-छात्राएं योग करते दिखाई देंगे। इतना ही नहीं, इस बार विश्वविद्यालय ने सूर्यनमस्कार को लेकर विश्व रिकार्ड कायम करने का भी संकल्प लिया है। यह प्रथम अवसर होगा जब विश्वविद्यालय प्रांगण में विदेशी छात्र योग प्रदर्शन करेंगे। अधिकांश छात्र-छात्राएं योग को लेकर जागरुक हैं और इसे उर्जा बढ़ाने और मानसिक शांति का सर्वश्रेष्ठ उपाय मानते हैं।

इसे लेकर जब विदेशी छात्रों से बात की गई तो छात्रों ने कहा कि यह उनके लिए पहली बार होगा जब वे इतने बड़े समूह में योगाभ्यास में शामिल होंगे। विश्वविद्यालय में आयोजित योग सत्रों की वजह से न केवल उन्होंने योग सीखा बल्कि इसके प्राचीन अभ्यास के लाभों को भी समझा। तनाव प्रबंधन का एक बेहतरीन तरीका पाया और अब वे इसे अपनी दिनचर्या में 30 से 45 मिनट के लिए शामिल कर चुके हैं। नामीबिया से बीकॉम कर रहे पेट्रस का कहना है कि मैं इस कार्यक्रम में भाग लेने को लेकर उत्साहित हूं।

लविवि ने घोषित किया बीकॉम 8 वें सेमेस्टर का परिणाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः लखनऊ विश्वविद्यालय ने ऐतिहासिक अकादमिक उपलब्धि हासिल करते हुए उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत पहला बीकॉम (बैचलर ऑफ कॉमर्स) आठवां सेमेस्टर परिणाम घोषित किया है। यह न केवल विश्वविद्यालय बल्कि पूरे राज्य के लिए उच्च शिक्षा सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

यह पहला अवसर है जब नई शिक्षा नीति के चार वर्षीय स्नातक ढांचे के अंतर्गत बीकॉम के आठवें सेमेस्टर की परीक्षा आयोजित और सफलतापूर्वक पूरी की गई। यह परिणाम 2021–22 से लागू नई शिक्षा नीति के तहत शुरू हुई समग्र एवं बहुविषयक शैक्षणिक यात्रा की

▸▸ उच्च शिक्षा सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

सफल परिणति को दर्शाता है। इस परीक्षा में कुल 25 नियमित छात्रों ने भाग लिया और सभी उत्तीर्ण हुए हैं। जिससे 100 प्रतिशत परिणाम प्राप्त हुआ। प्रदर्शन का स्तर अत्यंत प्रभावशाली रहा, सबसे अधिक अंक प्रतिशत 80.17 प्रतिशत और न्यूनतम 74.67 प्रतिशत रहा। 2 छात्र 80–100 अंकों के श्रेणी में रहे, जबकि 23 छात्रों ने 70–79 अंक प्राप्त किए, जो विद्यार्थियों की अकादमिक गुणवत्ता को दर्शाता है। प्रदेश में इस प्रकार नई शिक्षा नीति आधारित बीकॉम को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाला लखनऊ विश्वविद्यालय पहला विश्वविद्यालय बन गया है।

HT PAGE 3

Chair Yoga at LU dept

LUCKNOW : A Chair Yoga session was organised on Wednesday in the Zoology Department of the Institute of Wildlife Sciences, ONGC-CAS, University of Lucknow under the guidance of Dr. Amita Kannaujiya, in which Yogacharya Bobby Khan and assistant Hansika Kashyap conducted Chair Yoga for the students of the university. HTC